हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

06 ट्रेंचिंग ग्राउंड का सीएमओ ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं...




09 विश्व गीता प्रतिष्ठानम की अशोकनगर जिला...






## नगर के इंवेंट

### AISSEE 2026 में आरो की शानदार सफलता, गुना का बढ़ाया मान

**गुना।** कड़ी मेहनत, सही मार्गदर्शन और मजबूत लक्ष्य—जब ये तीनों एक साथ आते हैं, तो सफलता निश्चित हो जाती है। इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरे हैं शहर की गुरु नानक कॉलोनी निवासी होनहार छात्र आरो शर्मा, जिन्होंने



राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE 2026) में शानदार सफलता हासिल कर पूरे गुना जिले को गौरवान्वित किया है।आरो शर्मा, सतीश शर्मा के पौत्र एवं राहुल शर्मा के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे शहर को गर्व का अवसर दिया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा और कठिन मानी जाने वाली इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आरो का चयन न्यू सैनिक स्कूल, मंदसौर (मध्य प्रदेश) के लिए हुआ है।इस सफलता के पीछे आरो का समर्पण और अनुशासित अध्ययन तो है ही, साथ ही शिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। गुना जिले में पिछले वर्ष यहाँ के छात्र आदित्य सरवैया ने भी सफलता प्राप्त कर न्यू सैनिक स्कूल, कुचामन सिटी (राजस्थान) में प्रवेश पाया था। शिक्षिका खुशी मित्तल ने बताया कि सैनिक स्कूल में चयन केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और निरंतर अभ्यास का परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि AISSEE देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है, और इसमें सफलता पाना किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है।आरो शर्मा की यह उपलब्धि उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो बड़े सपने देखते हैं। यह सफलता संदेश देती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम दूर नहीं।आरो को परिवार और मित्रों द्वारा उज्ज्वल, अनुशासित और सफल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई हैं।

### टीईटी विरोध को लेकर शिक्षकों की बैठक भोपाल में प्रदर्शन की तैयारी



**मधुसूदनगढ़।** रविवार को मधुसूदनगढ़ तहसील में शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से संबंधित मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने 18 अप्रैल 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाले विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक में मधुसूदनगढ़ तहसील से सैकड़ों शिक्षकों के भोपाल पहुंचने पर सहमति बनी।शिक्षकों ने टीईटी के विरोध के साथ-साथ नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ दिए जाने की मांग भी रखी। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की सहमति प्रदान की।

### डॉ. अंबेडकर के विचार समाज को जोड़ने और संविधान के प्रति आस्था मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं : डॉ. अजय खेमरिया



**गुना।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर स्वर्गीय नाथूलाल मंत्री जन कल्याण न्यास के तत्वावधान में नगर में एक गरिमामयी व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, अध्यक्ष के रूप में न्यास अध्यक्ष अशोक कुशवाहा तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अजय खेमरिया (आयुक्त, दिव्यांगजन आयोग, मध्यप्रदेश शासन) उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से किया गया।अपने उद्बोधन में डॉ. अजय खेमरिया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक परिवर्तन और समानता की प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के संदेश को आज भी अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के विचार समाज को जोड़ने तथा संविधान के प्रति आस्था को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही उन्होंने सामाजिक समरसता, मानवाधिकारों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर बल दिया।कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने और उनके विचारों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में आभार कृष्ण गोपाल राठौर द्वारा व्यक्त किया गया।

### तीन दिवसीय योग शिविर का दिया आमंत्रण

**गुना।** आज पतंजलि युवा भारत के जिला युवा प्रभारी योगाचार्य महेश पाल द्वारा लाल परेड ग्राउंड पर विशेष योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं को योग के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। योगाचार्य महेश पाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा नियमित योगाभ्यास, संतुलित आहार एवं अनुशासित दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया।इस दौरान उपस्थित सभी युवाओं को आगामी 16, 17 एवं 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशेष योग शिविर में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।


## रामनगर आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला: फर्जी पंचनामा, नकली हस्ताक्षर और अंदरखाने खेल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनपद पंचायत बमोरी के ग्राम रामनगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती प्रक्रिया अब गंभीर विवादों में घिर गई है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पूरी प्रक्रिया को "पूर्वनियोजित खेल" बताते हुए बड़े स्तर की अनियमितताओं का आरोप लगाया है। मामला सामने आते ही प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### सीएम हेल्पलाइन से खुला मामला

बताया जा रहा है कि एक जागरुक ग्रामीण द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में साफ आरोप लगाया गया कि भर्ती से जुड़ी सूचना गांव के आम लोगों तक जानबूझकर नहीं पहुंचाई गई, जिससे कई योग्य उम्मीदवार आवेदन ही नहीं कर सके। शिकायत के बाद विभाग ने बचाव में एक




कार्यालय, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सेवा परियोजना-बमौरी जिला - गुना

पंचनामा

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बमौरी के अंतर्गत खण्ड स्तरीय आगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका चयन समिति के द्वारा के रिक्त पदों की पूर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति /क्रमांक 1528–1529 दिनांक 30.12.2025 ग्राम/वार्ड रामनगर पंचायत/न.पा ........ के सूचना पटल पर आज दिनांक 30-12-2025 को हम पंचान के उपस्थिति में आम जनता के सूचनार्थ चस्पा की गई एवं मोके पर यह पंचनामा तैयार कर उपस्थित पंचान द्वारा हस्ताक्षर कियें गये।

| क्र. | पंचान का नाम / पिता का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|




पंचनामा पेश किया, लेकिन यही दस्तावेज अब पूरे मामले की सबसे बड़ी कमजोरी बनता नजर आ रहा है।

### सरपंच ने खोली पोल: "न सील मेरी, न हस्ताक्षर"

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस पंचनामा के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को सही ठहराया जा रहा है, उसी पर सरपंच ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

सरपंच ने साफ कहा—"मैंने किसी भी भर्ती पंचनामा पर न तो हस्ताक्षर किए हैं और न ही मेरी सील लगाई गई है।"

इतना ही नहीं, पंचनामा में जिन ग्रामीणों के हस्ताक्षर दिखाए गए हैं, उनमें से कई लोगों ने भी इसे फर्जी बताया है।

### मिलीभगत का शक, रिश्तेदारों को फायदा?

ग्रामीणों का आरोप है कि चयन प्रक्रिया में शामिल कुछ लोगों के परिजन पहले से ही उसी व्यवस्था में कार्यरत हैं। ऐसे में पूरे चयन पर "हितों के टकराव" का साया साफ दिखाई दे रहा है।

आरोप यह भी है कि केवल चुनिंदा लोगों को गुपचुप तरीके से सूचना देकर उनके आवेदन भरवाए गए, जबकि बाकी योग्य उम्मीदवारों को अंधेरे में रखा गया।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

मामले को लेकर गांव में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने एक सुर में मांग उठाई है कि— पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, फर्जी पंचनामा और दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच हो, दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, वर्तमान भर्ती प्रक्रिया को तुरंत निरस्त कर दोबारा पारदर्शी तरीके से भर्ती कराई जाए।

### अब बड़ा सवाल यह है

क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर सुनियोजित घोटाला?

जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक रामनगर की यह भर्ती प्रक्रिया भरोसे के कटघरे में ही खड़ी रहेगी।

## गुनिया नदी सफाई पर 70—80 करोड़ खर्च का अनुमान

# ट्रीटेड पानी से भरेगा भुजरिया तालाब







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की गुनिया नदी के पुनरुद्धार और सफाई कार्य को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि लंबे समय से अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति गंभीर हुई है। वर्तमान में जहां सफाई कार्य पूरा हुआ है, वहां नदी की चौड़ाई 30 से 60 फीट तक नजर आने लगी है, जबकि अन्य हिस्सों में काम जारी है। पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 70 से 80 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसकी डीपीआर शासन को भेज दी गई है।गुनिया बचाओ अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा के दूसरे चरण में शीतला माता ब्रिज से बड़े पुल तक टीम गुनिया, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान पिछले 20 दिनों से चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। अभियान का अगला चरण बड़े पुल से गोविंद गार्डन तक अगले रविवार को पूरा किया जाएगा।

### नागरिकों ने प्रशासन के सामने रखे सुझाव

यात्रा के दौरान नागरिकों ने प्रशासन के सामने कई सुझाव रखे, जिनमें नदी किनारों की साफ-सफाई के लिए पोकलेन मशीन उपलब्ध कराना, अतिक्रमण हटाना, पुलों और आसपास के क्षेत्रों का व्हाइट वॉश, शास्त्री ब्रिज की मरम्मत, चेतावनी बोर्ड और जाली लगाने, कचरे से बनी मिट्टी के निपटान जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से साफ पानी भुजरिया तालाब तक पहुंचाने की मांग भी प्रमुख रही।

### 35 लाख लीटर गंदे पानी को शुद्ध किया जा रहा है

कलेक्टर ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए बताया कि यहां प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर गंदे पानी को शुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने 5 लाख लीटर क्षमता का टैंक बनाने के निर्देश दिए, जिससे रोजाना करीब 20 लाख लीटर ट्रीटेड पानी भुजरिया तालाब में छोड़ा जा सके। इससे तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को भी गति मिलेगी।

कलेक्टर ने कहा कि ट्रीटेड पानी काफी हद तक साफ है और जरूरत के अनुसार अन्य कार्यों में भी उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने इस अभियान में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### पदयात्रा का दूसरा चरण पूरा

गुनिया बचाओ अभियान के तहत शीतला माता ब्रिज से बड़े पुल तक पदयात्रा निकाली गई। 20 दिनों से चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया गया। अगले चरण में बड़े पुल से गोविंद गार्डन तक अभियान जारी रहेगा।

## ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत के बाद दो बाइकें भी टकराईं, पति-पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 10 बजे कुंभराज-मोहनपुर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें ट्रैक्टर, कार और दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक और 4 साल का बच्चा घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क संकरी होने के बावजूद कार चालक ने आगे चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से कार ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे कार का टायर फट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर भी अनियंत्रित हो गया और उसी समय सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलें भी उसकी चपेट में आ गईं। देखते ही देखते सड़क पर तीन वाहनों की भिड़ंत से बड़ा हादसा हो गया।इस दुर्घटना में बाइक सवार कैलाश सिंह (58) और उनकी पत्नी बदी बाई (55), निवासी बड़ौद, की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान उनके साथ मौजूद 4 वर्षीय नाती आशीष मैथिल घायल हो गया, जिसे तत्काल कुंभराज अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही कुंभराज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में ओवरटेक के दौरान यह हादसा होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## घर में खड़ी बाइक धधकी, घर-गृहस्थी जलकर खाक, मां-बेटे बाल-बाल बचे



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के खेजरा रोड पर गत शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ घर के भीतर खड़ी एक मोटरसाइकिल में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। घटना खेजरा रोड पुलिया के समीप रहने वाले मनोज रघुवंशी के निवास की है। शाम करीब 7 बजे जब बाइक से आग भडक़ी, तब घर में माँ और बेटा अकेले मौजूद थे। आग की तपिश और धुआं फैलते ही दोनों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाहर भागकर अपनी जान बचाई, हालांकि आग बुझाने की कोशिश में उनके हाथ मामूली रूप से झुलस गए।

शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बचाव कार्य शुरू किया और सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस अग्निकांड में बाइक पूरी तरह कंकाल बन गई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने मानसिक रूप से बीमार महिला को दिलाया आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एबी रोड पर कई दिनों से एक मानसिक रूप से बीमार महिला कचरा बीनकर अपना जीवन यापन कर रही थी। वह सड़क किनारे ही दिन-रात रह रही थी और अस्वस्थ अवस्था में थी। सूचना मिलने पर समाजसेवी प्रमोद भार्गव मौके पर पहुंचे और महिला से बातचीत करने का प्रयास किया।

महिला अपनी स्थिति के बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकी, लेकिन उसने बताया कि वह सागर जिले की रहने वाली है। मानसिक बीमारी के कारण परिजनों द्वारा साथ न रखने पर वह सड़क पर रहने को मजबूर हो गई थी।महिला की दयनीय स्थिति और खराब स्वास्थ्य को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने मानवीय पहल करते हुए उसे आश्रम शिवपुरी में भर्ती कराया, जहां उसका



उपचार किया जाएगा। साथ ही उसके परिजनों की तलाश भी की जाएगी।समाजसेवी भार्गव ने बताया कि यदि महिला के परिजन नहीं मिलते हैं या उसे अपनाने से इनकार करते हैं, तो आश्रम में ही उसकी पूरी देखभाल एवं सेवा की जाएगी। इस मानवीय पहल से क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश हुई है।

### कैंट क्षेत्र में बलवा व जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अपराधों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी मंडी के पीछे काली माता मंदिर के पास हुए बलवा एवं जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 11 अप्रैल को फरियादी श्याम सिंह कुशवाह द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट एवं वाहन से टक्कर मारने की घटना में कई लोगों के घायल होने की बात सामने आई। मामले में थाना कैंट में अपराध क्रमांक 235/2026 दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, बाद में विवेचना के दौरान इसमें बलवा एवं हत्या के प्रयास की धाराएं भी जोड़ी गईं।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आनन्द कुशवाह, देवेन्द्र रघुवंशी एवं पुष्पेन्द्र रघुवंशी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडे भी जब्त किए। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## खनिज विभाग विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी व छापामार कार्रवाई कर रहा

# खनिज विभाग ने जब्त की अवैध खनन करती 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर खनिज विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी एवं छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना मधुसूधनगढ़ अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुरा में पार्वती नदी से रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए रात्रि में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुबह के समय टीम ने पाया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की टीम ने 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहनों को चौकी उकावद में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।कलेक्टर श्री कन्याल ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## समाचार संक्षेप

### आचार्य पीसीरे कॉन्वेंट स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

स्थानीय शिक्षण संस्थान आचार्य पी.सी. रे कॉन्वेंट स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस गरिमामय परीक्षा फल वितरण समारोह में छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट शैक्षणिक निष्पादन की सराहना की गई।संस्थान के प्रबंधन एवं शैक्षणिक समिति द्वारा संकलित परिणामों के अनुसार, इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने न केवल सैद्धांतिक विषयों में वरन सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर संस्था प्रमुख ने उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करना नहीं, अपितु चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने शिक्षकों के निष्ठापूर्ण मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को इस सफलता का मुख्य स्तंभ बताया।प्रशासनिक स्तर पर विद्यालय प्रबंधन ने आगामी सत्र हेतु नवीन शैक्षणिक कार्ययोजना की भी रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करना है।

### डॉ. अंबेडकर जयंती साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

कलेक्टर के आदेशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आरोन में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय रूप में आयोजित हो रहा है।कार्यक्रम के प्रथम दिवस 10 अप्रैल को परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग से प्रेमनारायण जाटव, पी.सी. करोलिया, दिनेश शर्मा सहित विभागीय स्टाफ एवं विद्यालय के शिक्षक-छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।द्वितीय दिवस 11 अप्रैल को भाषण एवं राष्ट्रीय गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में स्वच्छता, जागरूकता एवं शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया जा रहा है। समापन समारोह 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न होंगी।

# गुना प्राइवेट स्कूल संचालकों की अहम बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




शहर के नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में समस्त निजी स्कूल संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ निर्धारित समय शाम 4 बजे हुआ( जिसमें जिले भर के अनेक स्कूल संचालकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रंधावा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में निजी विद्यालयों के सामने आ रही चुनौतियों को विस्तार से रखा और एकजुट होकर समाधान निकालने पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों से आए संचालकों ने अपने-अपने संस्थानों से जुड़ी समस्याओं और मुद्दों को खुलकर सामने रखा। संभाग स्तर से उपस्थित अभिषेक श्रीवास्तव (शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल) और नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए। संगठन मंत्री नवीन सक्सेना जी ने अपने उद्बोधन में समस्याओं के समाधान हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और संगठन को मजबूत करने की बात कही।बैठक में स्मृति पब्लिक स्कूल के संचालक आदित्य श्रीवास्तव, सरस्वती शिक्षा मंदिर के संचालक प्रमोद भार्गव, आकांक्षा पब्लिक स्कूल के संचालक सुनील आचार्य सहित नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की संचालिका और गुना जिले के अनेक निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।सभी उपस्थित सदस्यों ने बैठक को सार्थक और सफल बताया। अंत में यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकों के माध्यम से समस्याओं का सामूहिक समाधान निकाला जाएगा और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड का सीएमओ ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नगर पालिका राघौगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा दिनांक 12/04/2026 को निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप एमआरएफ सेंटर, कंपोस्ट प्लांट एवं एफ.एस.टी.पी. प्लांट को और अधिक व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सभी व्यवस्थाओं को मानकों के अनुसार संचालित करने पर जोर दिया।इस अवसर पर उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, नगर पालिका का अन्य स्टाफ एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# जिला जेल में दिव्यांगता परीक्षण शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



राज्यपाल, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राज्य की समस्त जेलों में बंदियों का दिव्यांगता परीक्षण किए जाने के क्रम में आयुक्त दिव्यांगजन मध्यप्रदेश डॉ. अजय खेमरिया द्वारा जिला जेल गुना में दिनांक 12/04/2026 को आयोजित दिव्यांगता परीक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया।शिविर में कुल 78 बंदियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 2 बंदियों में दिव्यांगता पाई गई। उक्त दोनों बंदियों को आयुक्त दिव्यांगजन द्वारा मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान की गई।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य एवं DDRC टीम को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक माह नियमित रूप से दिव्यांगता परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएं तथा जेल में आवश्यक सहायक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।शिविर में जिला जेल अधीक्षक अतुल सिन्हा, उपसंचालक सामाजिक न्याय अब्दुल गफ्फार, सचिव रेडक्रॉस डॉ. रामवीर रघुवंशी, जिला मेडिकल बोर्ड, स्वास्थ्य टीम एवं DDRC स्टाफ उपस्थित रहा।

## गोचा नदी पर बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरवास के ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोचा नदी पर बने स्टॉप डैम पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। यह कार्य प्रशासन एवं ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसडीएम अमित सोनी एवं सीईओ जनपद श्री गौरीशंकर राजपूत की उपस्थिति में ग्रामीणों से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के महत्व पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे प्रयासों से वर्षा जल का संचयन बढ़ेगा तथा क्षेत्र में जल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। इस मौके पर सहा यक यंत्री आरएस परिहार, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं जीआरएस सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर कलेक्टर ने किया जागरूक, बीनागंज में 68% लक्ष्य पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

जिला कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज पहुंचकर किशोर कन्याओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया एवं स्वयं उपस्थित रहकर वैक्सीनेशन अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि यह टीका बच्चियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल एवं गर्भाशय कैंसर से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कलेक्टर ने लोगों से अपील की कि वे इस वैक्सीनेशन को प्राथमिकता से लगवाएं और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में टीके को लेकर कुछ भ्रांतियां फैली थीं, लेकिन अब धीरे-धीरे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और वे इसके महत्व को समझ रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक में अब तक लगभग 68 प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं दिनभर चले इस अभियान में 56 किशोरियों को टीका लगाया गया तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय तहसीलदार मयंक खमरिया नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह जादौन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोड सिलावट ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राजेश कुमार पुष्पा सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अशोकनगर भाजपा मंडल द्वारा प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम किया गया आयोजित




**अशोकनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाभियान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में अशोकनगर भाजपा मंडल द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मंडल के अंतर्गत आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन के द्वारा आयोजित किया गया था।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्थानीय अग्रवाल पैलेस स्टेशन रोड पर सुबह 11:00 बजे अशोकनगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस दौरान उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बात कही गई। दोपहर 1:00 बजे स्नेह भोज उपरांत दूसरे सत्र का शुभारंभ हुआ, जो शाम तक चलता रहा। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ताओं द्वारा भाजपा के इतिहास, वैचारिक आधार, संगठन की रीति-नीति, मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की कुंजी होती है, इसलिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी हैं। इस दौरान मंचासीन अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष जयकुमार सिंघई, भाजपा जिला महामंत्री डॉ शीला जाटव, वरिष्ठ नेता अमर जीत सिंह छाबड़ा, नारायण प्रसाद शर्मा, प्रतापभान सिंह यादव, सचिन चैधरी हरीश जैन, महेंद्र भारद्वाज, केशव जोशी आदि रहे मौजूद।

## 28 का ऑपरेशन के लिए चयन

# रोटरी के नेत्र शिविर में 91 मरीजों की जांच की गई





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रविवार को रोटरी क्लब द्वारा श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। इसमें काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई एवं कई मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नेत्र शिविर में करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के डॉ. पंकज शर्मा एवं शिव गनेश द्वारा 91 मरीजो की जांच की गई एवं 28 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा अशोकनगर में प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है। जिसमे अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीत जैन बीमा,रोटेरियन माधव सिंह रघुवंशी, सुधीर गुप्ता,मोहर सिंह, विजय चैधरी, राम कन्हौआ ,कमल सिंह रघुवंशी सहित अन्य ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब और घाटों पर की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

परमेश्वर तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब एवं घाटों की सफाई कर श्रमदान किया गया। यह कार्यक्रम का द्वितीय चरण था।

कार्यक्रम की अंतर्गत समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों मे जल मंदिर निःशुल्क प्याऊ जल स्त्रोतो की साफ सफाई, जागरूकता हेतु दीवाल लेखन,जल चैपाल आदि का कार्यकृम आयोजित किये जा रहे है। इन्ही कार्यक्रमो के अंतर्गत विकासखंड चन्देरी मे विकास खण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद् दीपक पटेरिया की उपस्थिति में नगर के प्राचीन लक्ष्मण मंदिर तालाब पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं समस्त नवांकुर समिति नगर के समाज सेवी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत घाटो एवं तालाब से पोलीथीन एवं गंदगी निकल कर जल को स्वच्छ किया गया। विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया द्वारा जल स्त्रोत तालाब का जीवन मे कितना महत्व है हम छोटे-छोटे उपाय कर जल स्त्रोतो का संरक्षण कर सकते है।

इस जल गंगा संवर्धन अभियान मे जनप्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह चौहान पूर्व जिला योजना सदस्य द्वारा तालाव को स्वच्छ करने हेतु स्वयं तालाब में कूद कर सफाई में जुट गए। नगर पालिका चंदेरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सफाई के संसाधनों व्यवस्था करवाई. विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष शुभम तिवारी सचिव अनुराग सिंह तोमर एवं समस्त नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं समस्त नवांकुर संस्था प्रतिनिधी राजेश तिवारी अवार्ड संस्था, सौम्या पुष्प त्रिवेदी विवेकानंद शिक्षा समिति, सतीश उपाध्याय नरसिंह एवं जागेश्वरी संस्था परामर्शदाता स्वदेश समैया प्रदीप कोली एवं नगर के समाजसेवी उपस्थित रहे।

## ग्राम बहेरिया में हो रहा है तीन महीने से प्रभातफेरी का आयोजन



**ईसागढ़।** ग्राम बहेरिया रूपनगर के ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन सुबह 4 बजे शिवमन्दिर से अभयदाता हनुमान मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली जा रही है जो निरंतर रूप से जारी है। पूरे ग्राम का भ्रमण कर शिव मंदिर पर ही समापन होती है। इस प्रभात फेरी में सम्मिलित सभी भक्तों का नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर सचिव दिनेश कुमार सैन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रभात फेरी को करीब 3 महीने हो गए शुरू हुए इस प्रभात फेरी के मुख्य कार्यकर्ता टुंडेराम लोधी हरनाम सिंह लोधी रामचरण लोधी मुकेश लोधी इंद्रजीत लोधी है, नित्य ढोल मंजीरे के साथ श्री राम जयराम जय राम गाते हुए मधुर ध्वनि में अपने हाथों में ध्वज लेकर चलते हैं।

# द्वितीय चरण में ध्यान अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया



**अशोकनगर।** सेक्टर 3 प्रस्फुटन ग्राम मथनेर के बंजरिया चक्क पर जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोत सेवा समागम जल ध्यान अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि जल का जीवन मे कितना महत्व है, किस प्रकार इसे जीवित रखा जाए ,ध्यान के माध्यम से अनुभव किया गया। भूमि सुपोषण विषय पर संस्था के अध्यक्ष कुमारसंभव द्वारा मिट्टी को बचाने के छोटे-छोटे उपाय पर प्रकाश डाला। जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में ग्राम में जल सरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मंदिर पर श्रमदान ,भूमि सुपोषण दीवाल लेखन का कार्यक्रम भी किया गया। उक्त गतिविधि मे प्रस्फूटन समिति अध्यक्ष विष्णु रघुवंशी, सचिव बल्लू कुशवाह, कल्याणसिंह,फूल सिंह,देवी सिंह, ख़िलन सिंह, शिवनारायण, विजय सिंह, गणेशराम कमरजी बाई ,सुनील कुशवाहा, शंकर कुशवाह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पहाड़ा निवासी विशाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बराना निवासी सुखपाल सिंह बैस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निर्भयसिंह, और धन्नू राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी लक्ष्मण आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामसिंह संजय और मंगा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी शिवानी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और वर्षा सोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौपुर निवासी उत्तमसिंह मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णा आर बुलबुल मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुपलिया निवासी सोनू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार जाटव ने गेहूं की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मोहल्ला सेहराई निवासी जयंती अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल अहिरवार उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी सोना बाई नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक नायक ने उससे मारपीट की पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

# श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा समिति द्वारा योग ध्यान शिविर का किया आयोजन



ईसागढ़। रविवार को सुबह 6 बजे नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ईसागढ़ आदिवासी छात्रावास प्रांगण में योग ध्यान शिविर का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी प्रजापति जनपद पंचायत ईसागढ़ ने मां सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक जगभान सिंह यादव ने सभी को योग आसन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनको करने की विधि बताई इसके बाद सभी उपस्थित लोगों को नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी और जल बचाव के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान दो दर्जन से अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस शिविर का उद्देश्य आज की भागदौड़ की जिंदगी जिसमे मानसिक तनाव से ग्रस्त लोगों को योग ध्यान शिविर के माध्यम से स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन को बनाए रखने हेतु प्रेरित कर उनको मार्गदर्शन दिया जा रहा है जिससे मन शरीर तो स्वस्थ रहेगा और दैनिक जीवन में सुबह का जो मौसम होता है उसका लाभ लिया जाए आज लोगों देर रात्रि तक जाग रहे हैं सुबह समय पर नहीं उठने से रोज कलह युक्त एवं चिड़चिड़ापन माहौल में अपने खानपान का ध्यान ना रखने से थकान और बीमार हो रहे हैं। इसलिए योग ध्यान महत्वपूर्ण है आइए हम सब मिलकर योग करे और अपने परिवार जन को भी कराए।

## खबर संक्षेप

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रामबाग निवासी जगदीश कुशवाह उम्र 45 साल की अधिक शराब पीने से मौत हो गई। शराब पीने के बाद युवक महाराणाप्रताप छात्रावास के पीछे नाली में गिरा हुआ पाया गया था। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी पूर्वक बाईक फायनेंस कराई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत अमन तिवारी निवासी आदर्श कॉलोनी गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ईसागढ कस्बे के वार्ड नंबर 8 निवासी शेलेन्द्र यादव ने कूटरचित दस्तावेज फर्जी रूप से तैयार कर बाईक फायनेंस करा ली, उसके साथ धोखाधड़ी की गई, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### ट्रेक्टर ने बाईक में टक्कर मारी, दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत अशोकनगर ईसागढ रोड पर एक अज्ञात ट्रेक्टर ने एक बाईक को टक्कर मार दी जिससे बाईक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट अशोक अहिरवार निवासी बामौरा हाल निवासी पूजा कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना में हल्के और मनोहर अहिरवार घायल हो गए।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम देहला निवासी सतेन्द्र यादव उम्र 26 साल को करंट लगने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना लाईट के तार जोड़ते समय हुई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा

**अशोकनगर।** सोमवार को शंकरपुर उपकेन्द्र पर मेंटनेंस का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण शंकरपुर उपकेन्द्र से निकलने वाली लाईनों के अंतर्गत आरोन रोड़, शंकरपुर मगरदा और नई मण्डी क्षेत्र मोहरी में विधुत प्रदाय सुबह 8 से 11 बजे तक बाधित रहेगा।

### अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने मशाल रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा टीईटी के विरोध में मशाल रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिट अपील दायर करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा से मध्यप्रदेश के करीब 70 हजार एवं देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे ,उन्होंने यह भी बताया कि 29 मार्च को भोपाल में प्रदेश के 12 संघों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है।

### शिकायतों के बाद कई घोटाले मिले, कार्रवाई आज तक नहीं

# जिले कुछ केन्द्रों पर अनियमित्ताएं मिलने के बाद भी उन्हें केन्द्र बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 अप्रेल से निर्धारित की गई है, जो 12 मई तक चलेगी, इस खरीदी को लेकर जिले में 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं लेकिन इन केन्द्रों में कईं केन्द्रों पर गत वर्ष भी भारी अनियमित्ताए मिली थी, शिकायतें हुईं जांच भी हुई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजेदार बात यह है कि जिन केन्द्रों पर अनियमित्ताएं मिलीं थी उन केन्द्रों को फिर से खरीदी केन्द्र बनाया गया है। यह अनियमित्ताएं मसूर, चना और अन्य खरीदी में मिली थीं।

अशोकनगर जिले में गेहूं उपार्जन को लेकर शासन की ओर से 65 हजार मेट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य प्रदान किया गया है। हर वर्ष लक्ष्य अधिक प्रदान किया जाता था और 1 अप्रेल से खरीदी प्रारंभ होती थी, इस बार 15 दिन बाद खरीदी प्रारंभ होगी और 12 मई को समाप्त हो जाएगी, खरीदी के लिए दिन भी कम दिए गए हैं। जबकि गत वर्ष से इस बार उल्टा है, मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं के दाम कम मिल रहे हैं और खरीदी केन्द्रों पर मण्डी की तुलना में अधिक हैं इसलिए किसानों का रूख खरीदी केन्द्रों की ओर अधिक रहने की संभावना है। जिले में इस वर्ष 16798 किसानों ने पंजीयन कराया है, इस वर्ष भी 26 केन्द्र बनाए गए हैं। गत वर्ष भी 26 केन्द्र बने थे और 18126 किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन अंतर इतना है कि इस बार 3 खरीदी केन्द्र बदले गए हैं। गत वर्ष शासन ने 80 हजार मेट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य प्रदान किया था, जिसकी तुलना में 63 हजार मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई थी। गेहूं की खरीदी जितनी अधिक होगी उतना लाभ यहां पर बनी गोदाम संचालकों को होगा क्योंकि उनके यहां उपार्जन का यह गेहूं रखा होता है, कम खरीदी में इन संचालकों भी नुकसान का सामना करना पड़ता है।



### जिले में 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए

इस बार जिले में जो खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं उनमें अशोकनगर विकासखण्ड में अशोकनगर नवीन कृषि उपज मंडी, कचनार, गोविंद वेयरहाउस अशोकनगर, मुस्कान वेयर हाउस अशोकनगर, श्रीकृष्ण वेयर हाउस डंगोरा, शिवम वेयर हाउस कोलुआ और कृषि उपज मंडी शाढौरा शामिल हैं। ईसागढ में 7 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें मेट्रो वेयरहाउस, चन्द्रेश वेयरहाउस, ढिमोले वेयरहाउस, पारसौल, दीक्षा वेयरहाउस, समिति स्तरीय नईसरायं, बालाजी वेयरहाउस कदवाया शामिल हैं। मुंगावली विकासखण्ड में गल्ला मंडी मुंगावली, गल्ला मंडी पिपरई, आर्या वेयरहाउस एवं अनंत्या वेयरहाउस खुटिया बामौरी, राधे वेयरहाउस कुकावली, समिति स्तरीय खाकलोन, वर्धमान वेयरहाउस, समिति स्तरीय दमदमा शामिल हैं। चन्देरी विकास खण्ड में विक्रमादित्य वेयरहाउस डुंगासरा, चंन्देरी गल्ला मण्डी में 2 केन्द्र और एमपीडब्ल्यूसी चंदेरी में बनाया गया है। इन खरीदी केन्द्रों को लेकर अगर गत वर्ष में हुई खरीदी के बाद अनियमित्ताओं के बात करें तो ईसागढ के अनुविभागीय अधिकारी



द्वारा बालाजी वेयरहाउस कदवाया को वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान अनियमित्ताएं मिलीं थी जिसमें कहा गया था कि उक्त वेयर हाउस पर मसूर के 2245 कटटे रखे पाए गए। वेयर हाउस के स्टॉक नंबर 10 में 911 कटटे, स्टॉक नंबर 35 में 1080 व स्टॉक के अतिरिक्त जमीन पर 254 कटटे अर्थात कुल 2245 कटटे अनाधिकृत रूप से भंडारण पाया गया था। इसी प्रकार ईसागढ के तहसीलदार द्वारा 21 मई 2025 को रिजौदा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया था और कलेक्टर अशोकनगर को जांच प्रतिवेदन भेजा गया था जिसमें वेयरहाउस का निरीक्षण करने पर केन्द्र पर मसूर के 41400 बैग, चने के 61 बैग और सरसों के 193 बैग मिले थे। मसूर के बैगों में लगभग 15 प्रतिशत पर टैग नहीं पाया गया था जिन पर टैग लगे थे उन पर किसान का नाम और पंजीयन क्रमांक अंकित नहीं था।

### *कई समितियों की गत वर्ष की गई थी शिकायतें*

*समिति प्रबंधक देवदत्त सल्या के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने के प्रमाणित आधार उपस्थित होने के उपरांत भी दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किया जाना बल्कि उसे कई संस्थाओं का प्रभार देकर पुरस्कृत किया जाना, विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उक्त दोषी समिति प्रबंधक प्रतिवर्ष उपार्जन कार्य में लाखों रुपए का घोटाला करता है इसके बाद भी विभाग एवं बैंक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी तरह की गतवर्ष हुई अनियमिताओं को लेकर एडीओ मुकेश रघुवंशी भी निलंबित हुए थे। महोली, रामनगर, रिजौदा आदि की शिकायतें हुईं थी हर वर्ष गेहूं मसूर, चना आदि में घोटाले सामने आ रहे हैं, जांच भी होती हैं नोटिस जारी किए जाते हैं प्रतिवेदन दिए जा रहे हैं लेकिन कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में इस बार की गेहू की खरीदी के साथ मसूर और चना की खरीदी में भी अनियमित्ताएं अगर हुई तो कौन जिम्मेदार होगा, यह प्रश्न भी बना हुआ है।*

### *क्या कहना है इनका*

*अशोकनगर जिले में गेहूं की खरीदी को लेकर 26 केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 16798 किसानों ने पंजीयन कराया है गत वर्ष से पंजीयन कम हुएं है इस बार 15 अप्रेल से 12 मई तक ही खरीदी होगी। गत वर्ष जिन 26 केन्द्रों को बनाया गया था इस वर्ष भी 26 केन्द्रों को बनाया गया है जिनमें 3 केन्द्र बदले गए हैं, इस बार अनिमित्ताएं न हो इस बात के प्रयास किए जा रहे हैं।*

*प्राची शर्मा*
*जिला खाद्य अधिकारी, अशोकनगर*

# विश्व गीता प्रतिष्ठानम की अशोकनगर जिला कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी शाखा अशोकनगर के तत्वावधान में जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी के शपथ विधि समारोह का आयोजन रविवार को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभगार में आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता मध्य भारत प्रान्त के अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने की। विश्वगीताप्रतिष्ठानम उज्जयिनी के पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। केंद्रीय संगठन मंत्री विष्णु प्रसाद शर्मा, मध्य भारत प्रान्त के संयोजक दिनेश बिरथरे विश्व गीता प्रतिष्ठानम मध्य भारत प्रान्त के प्रकाशन प्रमुख देवीलाल बुधौलिया, मध्य भारत प्रान्त के सङ्गीत प्रमुख शिवराम शर्मा,मध्य भारत प्रान्त महिला प्रमुख ममता नरवरिया, जिला संयोजक राजेन्द्र सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मध्य भारत प्रान्त के परीक्षा प्रमुख राजीव पचैरी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती, भगवान श्री कृष्ण व भगवद गीता के चित्र पर मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों को पुनः मंचासीन कर अंगवस्त्र माला व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। शिवराम शर्मा द्वारा सङ्गीत मय भजन घर घर गीता का प्रचार हो, सदाचार और सद्विचार हो प्रस्तुत किया। मध्य भारत प्रान्त के संयोजक दिनेश बिरथरे ने अतिथियों का स्वागत व संगठन के सम्बन्ध में विस्तार से व्याख्यान दिया। ततपश्चात जिला संयोजक राजेन्द्र सिंह यादव ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मध्य भारत प्रान्त के अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। केंद्रीय संगठन मंत्री विष्णु प्रसाद शर्मा ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। देवीलाल बुधौलिया ने अपना वक्तव्य व गीत प्रस्तुत किया। प्रमेन्द्र शर्मा ने भी उपस्थित गीताप्रेमियों को सम्बोधित किया। तत्पश्चात जवाहर लाल द्विवेदी मुख्य अतिथि द्वारा गीता जी पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया गया व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया। गीता स्वाध्याय प्रमुख अशोक शर्मा ने अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक गीता स्वाध्याय प्रमुख रमन शर्मा, गीता सप्त उत्सव प्रमुख नवल सिंह भदौरिया, वित्त प्रमुख महेश शर्मा, तकनीकी प्रमुख प्रमोद राजावत,नगर प्रमुख राजेन्द्र दुबे,सह जिला संयोजक आनन्द आदि रहे मौजूद।

# गोराघाट पर वर्षों से निवास कर रहे 58 रहवासियों को नोटिस किया जारी

### नोटिस मिलने वालों में 17 पीएम आवास के हितग्राही भी शामिल





**अशोकनगर।** अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 2, गोराघाट क्षेत्र में स्थानीय आदिवासी भाइयों को 58 मकानों को तोड़ने के नोटिस दिए जाने के बाद आदिवासी परिवारों में चिंता की लकीने पैदा होगई हैं। यह नोटिस जल संसाधन विभाग अशोकनगद द्वारा प्रदान किए गए हैं। ज्ञात हो कि गोरा घाट की आदिवासी वस्ती को वर्तमान सरकार द्वारा अयोध्या वस्ती का दर्जा दिया गया है और पूरे वर्ष भर यहां सेवा भारती, विहिप और आदि संस्थाओं द्वारा यहां कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्ही की सरकार में आदिवासियों को यह नोटिस दिए गए हैं।

इस दौरान इंजी.विधायक हरिबाबू राय अशोकनगर सहित कांग्रेसी जनों ने क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित मकानों में से 17 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए हैं,जिन्हें नगरपालिका द्वारा विधिवत प्रक्रिया के तहत स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बावजूद स्थानीय निवासियों को मकान तोड़ने के नोटिस जारी किए गए हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का कोई स्पष्ट आदेश भी उपलब्ध नहीं है। वहीं स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1984 में विधिवत पट्टे प्रदान किए गए थे। ऐसी स्थिति में बिना पर्याप्त एवं वैध आधार के इस प्रकार की कार्रवाई अनुचित है। मौके पर सभी प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया गया कि उनके हक एवं अधिकारों की रक्षा हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक इं. हरिबाबू राय ने कहा कि इस विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी शीघ्र ही अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात कर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग करेगी। इस दौरान विधायक हरिबाबू राय, जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, विशाल रघुवंशी, जितेंद्र साहू, प्रिंस सिंघई, अमन महाराज, सुनील रघुवंशी, देवेंद्र वैरागी, अजय, धर्मेन्द्र सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# समरसता यात्रा अशोकनगर पहुंची, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




समरसता यात्रा का शुभारंभ परम पूज्य महंत 108 प्रभुतानंद जी महाराज पीली कोठी चित्रकूट पूज्य महंत विष्णु दास महाराज तारण दास जी महाराज कनक बिहारी जी महाराज क्षेत्र के समरसता प्रमुख गोपाल सोनी का उद्बोधन हुआ।

उन्होंने कहा हिंदू समाज और हिंदू धर्म में कभी भेदभाव नहीं था इस प्रकार से मुगलों, ईसाइयों ने हिंदुओं को बांटा है। आज भी हमारे समाज को बांटने का जो प्रयास किया जा रहा है उस समाज को बचाना होगा। हमारे समाज में सनातन में कभी छुआछूत नहीं था न ऊंच नीच था हम वैदिक धर्म को मानने वाले हैं। वेदों में इस व्यवस्था नहीं थी कर्म के आधार पर व्यवस्था थी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल्मिक समाज के अध्यक्ष राजेश बालू ने की। प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह प्रांत समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह टांक सह प्रमुख चंद्रशेखर अर्चक मंदिर प्रान्त प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा विभाग मंत्री दिलीप सिंह विभाग संगठन मंत्री वीरसिंह विभाग सह मंत्री रामवीर विभाग संयोजक वेदराम लोधी जिला अध्यक्ष दिनेश जैन जिला मंत्री कंचेदी जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी मोहन नामदेव हेमराज नामदेव सुधा श्रीवास्तव मुस्कान रघुवंशी सुजाता अहिरवार नगर समरसता राजेश सोनी कार्यक्रम का संचालन जिला सह मंत्री संतोष शर्मा ने किया। आभार जिला समरसता प्रमुख विकास जैन बल्ली ने किया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम मे महर्षि वाल्मीकि जी के मंदिर में पूजन की गई समरसता रथ का पूजन कर शुभारंभ संतों के नेतृत्व में हुआ इस अवसर पर प्रांत अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि समरसता यात्रा हिंदू समाज की शक्ति है हर समाज को समरस भाव से रहना चाहिए मातृशक्ति दुर्गा वाहनी वाल्मिक समाज, सोनी समाज,नामदेव समाज ब्राह्मण समाज,रघुवंशी समाज,यादव समाज अहिरवार समाज शाक्य समाज चैरसिया समाज, सेन समाज ओझा समाज,जैन समाज डांगी समाज लोधी समाज, गुप्ता समाज आदि प्रमुख समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित राहे समरसता रथ का पूजन के पश्चात शुभारंभ हुआ वाल्मीकि मंदिर से शुभारंभ हुआ रविदास मंदिर पर, अंबेडकर पार्क पर माल्यार्पण की, गांधी पार्क होते हुए शनि मंदिर शशिन्द्र राणा पार्क बाईपास राजमाता चैराहा विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्ष कर स्वागत किया गया समाजसेवियों द्वारा इसके बाद बरखेड़ी पर भी स्वागत हुआ साडोरा के लिए रवाना हुआ साडोरा में भी धर्म सभा हुई यहां संतों ने आशीष वचन दिया और प्रांत सह समरसता प्रमुख चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि कि भगवान राम ने जिस प्रकार से भीलनी के झूठे बेर खाए इतना प्रेम अटूट था। वही समरसता आज समाज में होने की आवश्यकता है। साहू गार्डन में सभा हुई इस अवसर पर प्रांत क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ संत उपस्थित रहे एवं प्रखंड अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी प्रखंड मंत्री अजय रघुवंशी जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख अभिषेक यादव पूर्व विभाग धर्म प्रसार प्रमुख कैलाश साहू सीताराम काकाजी सुरेश रघुवंशी मटली ललिराम कुशवाहा सुखलाल लोधी शायद आदि रहे मौजूद।

# पर्यटन ग्राम विक्रमपुर, में दो होमस्टे का उद्घाटन किया

**अशोकनगर।** पर्यटन ग्राम विक्रमपुर, चंदेरी, जिला अशोकनगर में दो होमस्टे का उद्घाटन जिला कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह भुंदेला, जिला सीईओ राजेश जैन, एसडीएम चंदेरी, सीईओ जनपद, तहसीलदार चंदेरी, बकरी छाप परियोजना अधिकारी दीपक दुबे सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ग्राम विक्रमपुर में “भोले महाराज होम्स” के अंतर्गत दो होमस्टे का विधिवत उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि चंदेरी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन योजना, जो कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, भोपाल द्वारा संचालित है, के अंतर्गत तीन ग्राम विक्रमपुर, नानौंन एवं प्राणपुर में होमस्टे निर्माण एवं पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जा रहा है। इसीक्रम में ग्राम विक्रमपुर में इन दो नए होमस्टे का शुभारंभ किया गया, साथ ही नानौंन एवं प्राणपुर में भी होमस्टे निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा ग्राम में संचालित विभिन्न पर्यटन गतिविधियों जैसे ई-बाइक, ई-रिक्शा, बैलगाड़ी एवं घोड़ा गाड़ी का निरीक्षण किया गया। साथ ही अन्य होमस्टे का भी अवलोकन किया गया। पर्यटन की इन व्यवस्थाओं एवं ग्रामीण परिवेश को देखकर जिला कलेक्टर, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्य है। ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार स्वरूप स्थानीय जंगल एवं खेतों में प्राप्त उत्पादों जैसे तेंदू, महुआ, अचार, आलू एवं अन्य सब्जियों से सुसज्जित टोकरी भेंट की गई। यह उल्लेखनीय है कि चंदेरी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन योजना के अंतर्गत परियोजना संस्था “बकरीछाप” द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### बांग्ला चौराहा जिनालय की प्रतिष्ठा हेतु श्री फल भेंट किया

# वहीं सुखी है जो दूसरों को सुखी बनने का भाव करें: मुनि सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वहीं सुखी है जो दूसरों को सुखी बनने का भाव करें जो ज्ञान में समर्थ होने पर दूसरो को ज्ञानी बनने का भाव रखें। हर व्यक्ति को सहारा मत देना पहले देख लेना कि वह तुम्हारे लिए वह योग्य मानता है उसी व्यक्ति का सहारा लेना जो तुम्हारे लिए अनमोल मानें वह तुमसे मौल भाव न करें। इस जिंदगी में किसी न किसी का सहारा लेना पड़ता है इस अहंकार में मत पड़ना कि मुझे किसी का सहारा लेना ही पड़ेगा। यहां तक कि तीर्थंकर प्रभु को भी किसी न किसी की गोदी में जन्म लेना पड़ता है, सहारा लेना है यह तय है तुम्हारे लिए सहारा दे लेकिन तुम्हारी मजबूत का फायदा ना उठाने लगा जाये उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए ।

**बांग्ला चैराहा की प्रतिष्ठा हेतु किया श्री फल भेंट:** इसके पहले अशोकनगर जिला जैन समाज की ओर से जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा के नेतृत्व में शिविर पुयर्जक शालू भारत मनोज जैन लल्ला पंच कल्याणक महोत्सव के कुबेर शैलेन्द्र दददा सनत इन्द्र धर्मेन्द्र रोकड़यि विपिन सिंघई हेमंत टडैया आलोक रानीपुर गोलू वाझल सौरव ओडेर प्रदीप कडरया संजीव जैन रिक्कू ओडेर सानू श्रागर सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर अशोक नगर जिले में प्रवेश का निवेदन किया।



इस दौरान जैन समाज अशोक नगर के मंत्री विजय धुर्रा ने जिज्ञासा रखते हुए मुहुर्त का क्या महत्व है और यदि किसी कार्य को प्रारंभ करने के लिए मुहुर्त का पता न हो तो कार्य प्रारंभ करना चाहिए या नहीं समान्य कार्य के लिए किस तरह की वातावरण का रहना अनिवार्य है करते हुए आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का उत्तर प्रदेश से पद विहार करते हुए मुंगावली की ओर मध्यप्रदेश कीसीमा से प्रवेश करेंगे तो हम सब पूरे अंचल के भक्त पूज्यश्री अगवानी अपने जन प्रतिनिधियों को साथ लेकर करने जा रहे हैं इसमें सर्वे समाज आमंत्रित हैं। दुनिया में ऐसे लोगों को ढूंढो जो एक दिन तुम्हारे लिए मालिक वन दे उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसे लोगों को ढूंढो जो एक दिन तुम्हारे लिए मालिक वन दे खोजों ऐसे व्यक्ति तो तुम्हें धन्य कर दे तुम सहारा लेना गये थे उन्होंने तुम्हें अपने सामान वन लेने वाले जिन प्रभु के चरणों में चले जाना है तुम उस गुरु की शरण में जाना जो तुम्हें अपने स्थान पर गुरु वना ले संसार में चार शरण ऐसी है जो तुम्हारे लिए अपने सामान वना लेती है।

# आगजनी की घटना के बाद कायस्थ समाज ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग



**पिपरई।** पिछले दिनों ब्रदीप्रसाद श्रीवास्तव के घर में हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को कायस्थ श्रीवास्तव समाज द्वारा पिपरई थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कार्यवाही की मांग की गई है। जिसमे कहा गया है कि विगत 9 और 10 अप्रेल की रात के लगभग 3 बजे के दरमयान बद्रीप्रसाद श्रीवास्तव पुत्र अयोध्या प्रसाद श्रीवास्तव निवासी राम लीला मैदान पिपरई के घर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगा दी गई, जिससे घर में रखी दो हीरो कम्पनी की मोटर साईकल तथा आंगन में रखी पानी की टंकी ड्रम आदि व कमरे में रखा सौफा सेट विस्तर के साथ अन्य सामान जल कर राख हो गया। छत की फर्सी एवं जीने के पत्थर तक टूट गये। करीबन नुकसान लगभग एक लाख रूपये का बताया हैं।घर में लगाई गई आग इतनी भयानक थी की बद्रीप्रसाद एवं उमा देवी को बडी मुश्किल से अपना बचाब करना पडा। इस ज्ञापन में पूर्व की घटनाओं को भी बताया है। भरोसीलाल बरैया एवं तुलसीराम विश्वकर्मा निवासी पिपरई के साथ घटित हो चुकी है जिस में लाखों का नुकसान हो चुका है। उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुई घटना की जांच कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलवाने की बात कही। इस मौके पर बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, के.के श्रीवास्तवछ सिद्ध सागर श्रीवास्तवछ रवि श्रीवास्तव,डॉक्टर एसके एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 13 को

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक सोमवार 13 अप्रैल को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में टीएल बैठक के बाद शुरू होगी।

### एबीवीपी ने कर्मचारियों के वेतन की मांग उठाई

**विदिशा।** एसएटीआई पॉलिटेक्निक में पिछले सात महीनों से शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण शैक्षणिक कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। वेतन भुगतान न होने से नाराज स्टाफ पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर है, जिससे कक्षाएं बंद हैं और सेमेस्टर परीक्षाओं से पहले छात्रों की चिंता बढ़ गई है। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि तकनीकी शिक्षा विभाग से वार्षिक अनुदान प्राप्त न होने के कारण वेतन वितरण संभव नहीं हो सका। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की विदिशा नगर इकाई ने प्राचार्य को तकनीकी शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। नगर मंत्री चंद्रांशु शास्त्री ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान न होने पर छात्र हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### मुबीन शीशगर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा द्वारा मुबीन शीशगर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर अनेक कार्यकर्ता एवं साथियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालो में पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस फ़ज़ल शेख, जयंत अग्रवाल, आसिफ खान प्रवक्ता, आसिफ मियां, कौशिक साराठे, शावाज़ खान, सोमिल अग्रवाल, आकिब शेख, फैज़ान राईन, जाहिद मामू आदि शामिल है।

### सफाई मजदूर यूनियन की बैठक में फर्जी संगठनों पर उठे सवाल

**विदिशा।** बस स्टैंड स्थित नगर पालिका सभागार में शनिवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर की ट्रेड यूनियन की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने संगठन के नाम से मिलते-जुलते अन्य संगठनों को अवैध बताते हुए कहा कि कुछ लोग संगठन का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने विदिशा के एक व्यक्ति को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के दावे को भी गलत बताया। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कटारे, राष्ट्रीय सचिव सतीश चौहान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह ने कुछ मांगों का निराकरण किया। संचालन दिनेश करोसिया ने किया।

### गेहूं खरीदी के भुगतान में विदिशा सबसे आगे

**विदिशा।** 9 अप्रैल से विदिशा जिले में शुरू हुई गेहूं खरीदी के मामले में विदिशा जिला प्रशासन प्रशासन भुगतान के मामले में प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा। विदिशा जिले के 6 किसानों से गेहूं की खरीदी की गई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से एक दिन बाद ही किसानों को 5 लाख 87 हजार 644 रुपए का भुगतान किसानों के खातों में कर दिया गया। प्रथम भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों में तीरथ सिंह राव जैतपुरा, मीनाबाई, सरस्वती बाई बेरखेड़ी, तोमर सिंह दांगी गाजीखेड़ी शामिल हैं।

### एसएटीआई पॉलिटेक्निक में कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी

**विदिशा।** सात माह से वेतन न मिलने के विरोध में एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी रही। धरनास्थल पर विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और कर्मचारियों से चर्चा की। राजेश जैन ने वेतन न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने तथा भोपाल जाकर चर्चा के लिए समय लेने की बात कही। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन छेड़ा जाएगा।

---

### यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर लगातार की जा रही कार्रवाई

# एक साल में आरटीओ ने 334 वाहनों पर कसा शिकंजा, 67 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

***यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर परिवहन विभाग द्वारा इस साल सख्ती की गई। जिसके परिणाम यह रहे की पूरे प्रदेश में सबसे अधिक जुर्माना वसूली विदिशा जिले में की गई। स्कूल बसों से लेकर यात्री व भारी वाहनों पर कार्रवाई में विदिशा जिला प्रदेश में नंबर बन रहा। आरटीओ गिरिजेश वर्मा का कहना है कि परिवहन आयुक्त के निर्देश जब भी प्राप्त हुए जिलेभर में वाहनों की जांच कर नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों से जुर्माना वसूला।***

स्कूल बसों से लेकर यात्री व भारवाही वाहनों पर चालानी कार्रवाई में प्रदेश में सर्वाधिक शमन शुल्क वसूली का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सख्त अभियान चलाया।

इस दौरान 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग करते हुए कुल 334 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से 67 लाख रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान वसूले गए शमन शुल्क (जुर्माना) की राशि 40 लाख 40 हजार 70 रुपए रही, जबकि मोटरयान कर के रूप में 26 लाख 87 हजार 282 रुपए की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 67 लाख 27 हजार 352 रुपए का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और परिवहन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने दावा किया कि इस अभियान के तहत वसूला गया शमन शुल्क प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की सक्रियता, नियमित मॉनिटरिंग और सख्त प्रवर्तन कार्रवाई का परिणाम है। विभाग का लक्ष्य न केवल राजस्व बढ़ाना है, बल्कि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और अनुशासित बनाना भी है।

#### स्कूल बसों व यात्री वाहनों पर विशेष फोकस




अभियान के दौरान स्कूल बसों, यात्री बसों और भारवाही वाहनों पर विशेष निगरानी रखी गई। विभाग द्वारा 22 स्कूल बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2 लाख 5 हजार 200 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं 72 यात्री बसों से 7 लाख 1 हजार 600 रुपए की राशि जुर्माने के रूप में प्राप्त की गई। इसके अलावा 240 भारवाही एवं अन्य वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 30 लाख 79 हजार 270 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग, परमिट शर्तों का उल्लंघन, फिटनेस प्रमाणपत्र की कमी, टैक्स बकाया और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में यह कार्रवाई की गई।

#### सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का कहना है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, स्कूली बच्चों की सुरक्षा बनाए रखना और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिले में चलाया गया यह अभियान न केवल राजस्व वृद्धि की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यातायात अनुशासन स्थापित करने की दिशा में भी मजबूत कदम माना जा रहा है।

#### कुल राजस्व में भी वृद्धि

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 46 करोड़ 74 लाख 25 हजार 18 रुपए का राजस्व वसूला गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 10.65:% अधिक है। राजस्व में यह वृद्धि विभाग की निगरानी और प्रभावी कर वसूली प्रणाली को दर्शाती है।

---

## शेरपुरा क्षेत्र में पांच बदमाशों ने मिलकर डिलेवरी बॉय को लूटा, तीन पकड़ाए, दो फरार



**विदिशा।** आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने निकाला जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शेरपुरा में एक डिलेवरी बॉय के साथ हुई लूट का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शनिवार को खुलासा कर दिया। मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य अभी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार डिलेवरी बॉय नीलेश अहिरवार शेरपुरा इलाके में पार्सल देने पहुंचा था। इसी दौरान 5 बदमाशों ने उसके बैग से पार्सल निकाल लिया। जब नीलेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 2700 रुपए लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित नीलेश ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने तत्काल एक टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शेरपुरा क्षेत्र में दबिश देकर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाला

शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का शेरपुरा से लेकर रेलवे स्टेशन और सिविल लाइन थाना तक जुलूस निकाला। कार्रवाई के माध्यम से इलाके में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि इस मामले में दो आरोपी अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और अधिकारियों का कहना है कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

## राष्ट्रीय कार्यबल के तहत साइको लॉजिकल काउंसलिंग कैंप महाविद्यालय में आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में एनटीएफ द्वारा आयोजन रखा गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए पीयर सपोर्ट ग्रुप मीटिंग अनुभव साझा किया, रोल-प्ले साइकोलॉजिकल काउंसलिंग कैंप (मिनी गेम, टीम एक्टिविटी) डिजिटल एसेट्स , मोबाइल ऐप्स से हेल्पलाइन जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर संयोजक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को मोबाइल ऐप्स के माध्यम से अपने अपने अनुभव साझा करने एवं अपने जीवन को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

वहीं दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार, डॉ रीना पाटीदार, मुकेश सेन , डॉ रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ वंदना चुतैल, भुवनेश गुप्ता, डॉ कमल सिंह अहिरवार, पितरूस धुर्वे, दिनेश दांगी , डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, ललित शर्मा, एस एल दांगी, डॉ मनोहर सिंह परमार, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाल विधायक को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

अध्यापक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक द्वारा प्रदेश अध्यापक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर रैली निकाल कर विधायक को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रैली निकाली और विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक हजारीलाल दांगी ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शाला जीरापुर में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एकत्रित हुए। जहां से शिक्षक शिक्षिकाओं ने रैली प्रारम्भ की जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए विधायक कार्यालय पहुंची जहां पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया।

अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक साथियों की टीईटी परीक्षा को लेकर दिए गए आदेश को वापस लिया जाए, साथ ही शिक्षकों की अन्य लंबित समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण किया जाए। विधायक ने ज्ञापन प्राप्त कर शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने संगठन की एकजुटता और बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा कर्मचारियों के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। रैली में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू दांगी, राजेश गुप्ता नाना, योगेंद्र सिंह मंडलोई, नवनीत गुप्ता (जुलानिया), नरेंद्र पालेचा, बालचंद दांगी, रजनीश भावसार, कैलाशचंद्र शर्मा, कमल सिंह पवार, जगदीश हिण्डोनिया, भैरूलाल पाटीदार, देवेंद्र शर्मा प्राचार्य, ईश्वर सिंह,सुहेल ताई, रामबाबू दांगी, कमल राठौर, बीरमसिंह पवार, राजेश मण्ड़लोई, रमेशचंद्र मालवीय, दिनेश सिंह नरबाण, कमलेश पाटीदार, रजनी त्रिपाटी सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पीलूखेड़ी से कुरावर तक एक जैसे हालात, सीएनजी व पेट्रोल पंपों पर पेयजल सुविधा नदारद




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर/पीलूखेड़ी

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पीलूखेड़ी स्थित सीएनजी पंप सहित कुरावर के पेट्रोल पंपों पर भी पेयजल व्यवस्था का अभाव सामने आया है। राहगीरों और वाहन चालकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, पीलूखेड़ी के सीएनजी पंप पर पहले ही पीने के पानी की सुविधा नहीं मिलने की शिकायतें सामने आई थीं, वहीं अब कुरावर के कई पेट्रोल पंपों पर भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। भीषण गर्मी में जहां लोगों को ठंडे पानी की सख्त जरूरत होती है, वहीं पंपों पर इस बुनियादी सुविधा का अभाव चिंता का विषय बन गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग इन पंपों पर आते हैं, लेकिन पानी जैसी आवश्यक सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इससे खासकर दूर-दराज से आने वाले राहगीरों, बाइक चालकों और ट्रक ड्राइवरों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों ने पंप संचालकों और प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए और सभी पेट्रोल व सीएनजी पंपों पर स्वच्छ पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राहगिरों ने मांग की है कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए सभी पेट्रोल व सीएनजी पंपों पर पेयजल की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर, मटके लगाए जाने चाहिए। अगर यह कोई पंप संचालक नहीं करता है, तो प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण कर सख्ती कार्रवाही की जानी चाहिए। जिससे आमजन को होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। गौरतलब है कि भीषण गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की उपलब्धता बेहद जरूरी हो जाती है।

## ट्रेड डील और एमएसपी गड़बड़ी के विरोध में धरना प्रदर्शन 14 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

केंद्र सरकार की भारत-अमेरिका ट्रेड डील को किसानों के लिए नुकसानदायक बताते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने 14 अप्रैल से गंजबासौदा कृषि उपज मंडी के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि टैक्स फ्री अमेरिकी अनाज के आयात से स्थानीय मंडी व्यवस्था और न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था कमजोर होगी। आकाश शर्मा ने गेहूं खरीदी में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि मामूली कारणों से ट्रालियां रिजेक्ट की जा रही हैं। सहकारी समितियों के बाहर किसान लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन तुलाई नहीं हो रही। इसे किसानों को हतोत्साहित करने की रणनीति बताया गया।

उन्होंने कहा कि धरने के साथ कार्यकर्ता क्रय केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। यदि किसानों की फसल की तुलाई सुनिश्चित नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती कल बरखेड़ा में मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




अनुसूचित जाति समुदाय द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह 14 अप्रैल को ग्राम बरखेड़ा में मनाई जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि अहिरवार समाज संघ प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष नारायणसिंह वर्मा रहेंगे। विशेष अतिथि वरिष्ठ व्यवसायी पटेल लक्ष्मीनारायण यादव बरखेड़ा, भाजपा प्रदेष कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, मलखान सिंह नैनावत रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि गोपालदास बरखेड़ा करेंगे। इस अवसर पर गांव में ढ़ोल नगाड़ों के साथ चल समारोह भी निकाला जाएगा, जो गांव के प्रमुख मांर्गों से होता हुआ आयोजन स्थल हनुमान मंदिर के पास पहुंचेगा। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। कार्यक्रम कोषाध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, संचालक मुकेश राठौर, उपाध्यक्ष रोड़जी वर्मा, सचिव शिवनारायण वर्मा, रघुवीर वर्मा, दयाराम वर्मा, राकेश वर्मा, सुनील सूर्यवंशी, रामबाबू वर्मा सहित आयोजन समिति ने समस्त अहिरवार समाज एवं अनुसूचित जाति के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## वन अमले पर गोफन से हमला करने वाले 8 लोगों पर मामला दर्ज, दो अभी अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी




वन परिक्षेत्र लटेरी उत्तर अंतर्गत महावन बीट में गश्त के दौरान वन माफिया द्वारा वन अमले पर गोफन से हमला करने पर 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसमें से दो आरोपी अज्ञात हैं।

मामले में मुकेश भील, मनोहर भील, नीलेश भील, दिनेश भील, विशाल भील निवासी ग्राम रायपुरा, विष्णु भील निवासी ताजपुरा तहसील लटेरी के निवासी है। छह नामजद आरोपियों एवं दो अज्ञात के विरुद्ध थाना लटेरी में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना 9 अप्रैल की दोपहर करीब 3:20 बजे की है। परिक्षेत्र सहायक मनोज कुमार मिश्र एवं बीटगार्ड जयभान सिंह सेंगर शासकीय वाहन से कक्ष क्रमांक पी-406 में रूटीन गश्त पर थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि चार मोटरसाइकिलों पर सवार 8 लोग प्रत्येक वाहन पर दो-दो नग सागौन की लकड़ी लेकर ग्राम चमराकोण्डल की ओर जा रहे थे। वन अमले ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपी लकड़ी फेंककर कुछ दूर भाग गए, लेकिन बाद में वापस लौटकर जब्त की जा रही वन उपज को छुड़ाने गोफन से पथराव कर दिया। हमले में वन स्टाफ एवं शासकीय वाहन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।

### आचार्य समयसागर महाराज के सान्निध्य में हुआ मनोनयन

## जैन समाज की एकजुटता से टला चुनाव, सर्वसम्मति से अनिल जैन हजारी बने शीतल विहार न्यास के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जैन समाज ने सामाजिक एकता और सामूहिक सहमति का परिचय देते हुए नागपुर में विराजमान आचार्य समयसागर महाराज के सान्निध्य में दिगंबर जैन शीतल विहार न्यास के अध्यक्ष पद पर अनिल जैन हजारी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया।

समाज के प्रतिनिधियों ने संभावित मतभेदों से बचने के उद्देश्य से चुनाव प्रक्रिया के स्थान पर सर्वमान्य नाम तय करने का आग्रह आचार्यश्री के समक्ष रखा, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। हरिपुरा स्थित शीतल धाम परिसर में निर्माणाधीन भव्य जैन मंदिर के कार्यों की जानकारी देने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने समाजजन नागपुर पहुंचे थे। इस दौरान बताया गया कि शीतलधाम में आदिनाथ जिनालय पूर्ण होकर बरों वाले बाबा से सुसज्जित हो चुका है, जबकि मुख्य मंदिर का समवशरण निर्माणाधीन है। समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए आचार्यश्री ने विचार-विमर्श उपरांत प्रतिष्ठित हजारी परिवार के वरिष्ठ सदस्य अनिल जैन हजारी को अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही संजय सेठ को निर्माण समिति में शामिल करने की घोषणा की गई। मनोनयन की घोषणा पर उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नव-नियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक विकास हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

